सार-समाचार

## जल संरक्षण जरूरी : गुप्ता

**उदयपुर/डूंगरपुर,** (कासं)। जल संरक्षण एवं जल संचय जल की कमी हम देख रहे हैं कई शहरों में तो पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है धरती में भी पानी खत्म हो चुका है। ऐसी स्थिति में मात्र एक ही रास्ता है कि बरसात के पानी को शहरों में वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से धरती में डालना तथा गांव में वर्षा के पानी को रोककर जंगल-जंगल, कुंड, तालाब व कुआं में पानी ले जाकर धरती को सींचना होगा। छोटे-छोटे तरीकों से पानी को बचाना होगा। तभी हम धरती में घट रहे जलस्तर को बढ़ा पाएंगे तथा आने वाले समय को सुखद बना पाएंगे। जल है तो कल है यह यथार्थ है उपरोक्त तीनों कामों में अगर हमने विजय प्राप्त कर ली तो आने वाला कल सुखद होगा। पृथ्वी पर जल सीमित मात्रा में है। जल को पुनः वैज्ञानिक तरीके से पुनः नहीं बनाया जा सकता है। देश में स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जल संचय आवश्यक है। यह उद्गार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति के सदस्य तथा नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति केके गुप्ता ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने जल दिवस के अवसर पर कहा है कि इस साल यानी 2023 में विश्व जल दिवस की थीम है एक्सीलरेटिंग चेंज- तेज़ी से परिवर्तन है। इस थीम के द्वारा जल क्षेत्र में तेज़ी और तत्कालीनता के महत्व पर ज़ोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी की बर्बादी को रोकने के लिए. हम अपने घर से ही शुरुआत कर सकते हैं। बस थोड़ी सी समझदारी और एक उठाए हुए कदम के साथ हम अपनी आने वाली पीढ़ी को है तोहफा दे सकते हैं। पानी की हर एक बूंद बूंद से हमारा अस्तित्व है। पृथ्वी के सभी छोटे बड़े जीबों और पेड़ पौधों को जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता है। बिना पानी के जीवन नहीं। दैनिक कार्य से लेकर कृषि तक के सभी कामों में पानी एक मुख्य स्त्रोत है। फसलों के उत्पादन और बिजली उत्पन्न करने की क्रिया में भी पानी मुख्य घटक है। इसलिए पानी को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जल की कमी और सीधा असर कुदरत के संतुलन पर पड़ता है।

## लूट की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। बैकरिया थाना पुलिस ने पीडित के साथ नकदी व मोबाईल लूट की वारदात करने वाले आरोपी को गिरफ्तार इसके कब्जे से माल बरामद किया। प्रकरण के अनुसार पीडित 10 नवंबर 2022 को विनोद पुत्र कपुर भाई निवासी वासा थाना रोहिडा जिला सिरोही हाल आई ओ सी रोड, इन्दिरा नगर, गांधीधाम, गुजरात ने रिपोर्ट दी कि परिवार के साथ ढेकुजी महादेव दर्शन हेतु आये थे । वहा कुछ बदमाशों ने हमारे साथ लूटपाट की। जिसमे मेरी चैन सोने की 1.5 तोला, सोने का ओम का लोकेट, सोने का गणपती का लोकेट एवं पर्स जिसमें 4200 रुपये नकद एवं अन्य कागजात तथा अमृत भाई देवाराम परमार से मोबाइल व 14000 रूपये नगद तथा सुगनाबेन अमृतभाई परमार से मोबाइल व 12,500 रूपये नगद तथा दिपक सिंह से 10000 रूपये नगद तथा हंसाबेन परमार से 700 रुपये लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुंसधान प्रारम्भ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर बैकरिया थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रभु उर्फ प्रभुराम पुत्र हुरमा निवासी फला झापटाबोर, लोहारचा को बाद पुछताछ गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त के कब्जे से 2 मोबाइल व 1 सोने की चैन बरामद कर न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया। वहीं झल्लारा थानाधिकारी रमेशचन्द्र परमार मय टीम ने दस वर्ष से फरार स्थाई वारंटी हाजीया पुत्र रोडा निवासी नोली फला बोरिया थाना झल्लारा जिला उदयपुर को अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया।

## पुत्रवधु के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर पुत्र वधू के खिलाफ नकदी हडप्ने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहेली नगर अम्बामाता निवासी बसन्तीदेवी पत्नी प्रेमचंद पूर्बिया ने अपनी पुत्र वधू लवलीना पत्नी निलेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी ने सिग्निेचर ऑथिरीटी होने का गलत उपयोग कर 18 अगस्त 2021 से 11 सितंबर 2021 तक मेरे बैक खाते से 8 लाख 48 हजार रूपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इस संबध में पूछताछ करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। विवाहिता को झासे में लेकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी मोहन महाराज के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि संतान प्राप्ति के लिए संपर्क करने पर आरोपी ने मुझे दवाई देने एवं तांत्रिक विद्या से संतान होने का विश्वास दिलाया। इस पर 4 मार्च को आरोपी के पास पहुंची तो उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। जिसकी जांच गोवर्धन विलास थानाधिकारी संजीव स्वामी कर रहे है।

# जी-20 संधारणीय वित्त कार्य समूह की बैठक संपन्न

**उदयपुर,** (कासं)। भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता में उदयपुर में आयोजित जी-20 संधारणीय वित्त कार्य समूह (एसएफडब्ल्यूजी) की तीन दिवसीय दूसरी बैठक गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। तीन दिवसीय बैठक में वर्ष 2023 के दौरान एसएफडब्ल्यूजी कार्य योजना पर अधिक विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें तीन निर्धारित प्राथमिकताओं वाले क्षेत्र जलवायु वित्तपोषण के लिए यथा समय और

- **जी-20 देशो के मध्य आर्थिक मुद्दों पर समन्वय को लेकर हुई चर्चा**

उदयपुर में जी-20 संधारणीय वित्त कार्य समूह की दूसरी तीन दिवसीय बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

समुचित संसाधन जुटाने के लिए तंत्र, संधारणीय विकास लक्ष्यों के लिए वित्तपोषण को संभव बनाना और संधारणीय विकास हेतु वित्तपोषण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का क्षमता निर्माण शामिल हैं ।

यह जानकरी गुरुवार को होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित पत्रकारवार्ता में केन्द्रीय वित्त विभाग की सलाहकार गीतू जोशी एवं डीप्टी सेक्रेट्री अरुणिमा शर्मा ने डी।उन्होंने बताया की अपनी दूसरी बैठक में, संधारणीय वित्त कार्य समूह 2023 के सम्मत कार्य योजना को मूर्त रूप देने का लगभग आधा कार्य पूरा कर लिया गया है। सहयोगी भावना को ध्यान में रखते हुए और आम सहमति प्राप्त करने के लिए सदस्यों ने निर्धारित वर्ष के लिए महत्वपूर्ण निष्पादन योग्य सूची के लिए भावी योजनाओं पर सहमति व्यक्त की, जिसमें जलवायु विषयक कार्रवाई के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए विकल्पों का एक समुच्चय, (एसडीजी)संरेखित वित्तपोषण के लिए विश्लेषणात्मक रूपरेखा विकसित करना और जी 20 संधारणीय वित्त तकनीकी सहायता कार्य योजना (टीएएपी) शामिल है।उन्होंने बताया की संपूर्ण सत्र के दौरान एसएफडब्ल्यूजी के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर सदस्यों के बीच चर्चा हुई और इस संबंध में सुझाव प्राप्त किए गए। जी20 के सदस्य इस बात पर सहमत हुए कि एमडीबी निजी वित्त को उत्प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें इस भूमिका को मजबूत करना चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र की उत्प्रेरक भूमिका पर भी बल दिया गया। जलवायु कार्रवाई के लिए वित्त बढ़ाने में सक्षम वातावरण बनाने के महत्व को रेखांकित किया गया।

एसडीजी के वित्तपोषण के बारे में सदस्यों ने एसडीजी.संरेखित वित्त के लिए विश्लेषणात्मक रूपरेखा विकसित करने पर विचार-विमर्श किया जिसमें वित्तीय संस्थानों और कंपनियों के निवेश निर्णयों में प्रकृति आधारित जोखिमों और उससे संबंधित पहलुओं को शामिल करने के लिए निवेश लिखतों का सामाजिक प्रभाव और आवश्यक रूपरेखा का व्यापक रूप से अनुकूलन करने के लिए सर्वोत्तम नीतियों और परिदृश्यों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त एसएफडब्ल्यूजी जी-20 तकनीकी सहायता कार्य योजना विकसित करने के लिए कार्य कर रहा है, जिसमें मौजूदा क्षमता निर्माण कार्यकलापों का निर्धारण और विश्लेषण और मौजूदा संधारणीय वित्त कौशल संबंधी अंतर का निर्धारण शामिल होगा। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि कैसे विभिन्न हितधारक क्षमता -निर्माण कार्यक्रमों को विकसित करने के लिए एकजुट होकर काम कर सकते हैं और संधारणीय वित्त में सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देते हुए विभिन्न समूहों की अनूठी जरूरतों का प्रभावी ढंग से समाधान करते हैं।

## जिला कलेक्टर ने बैठक ली

**उदयपुर,** (कासं)। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर गुरुवार को जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने सूचना एवं जनसंपर्क विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

इस दौरान संयुक्त निदेशक (जनसम्पर्क) डॉ. कमलेश शर्मा व सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रवेश परदेशी को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा प्रदत्त विस्तृत दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिले में वर्तमान में हो रही गतिविधियों और प्रयासों के बारे में जिला कलक्टर को अवगत कराया।

डॉ. शर्मा व परदेशी ने सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स, प्रतिदिन होने वाली पोस्ट और प्रतिक्रियाओं पर राज्य व जिला स्तर से की जाने वाली अनुवर्ती कार्यवाही के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभाग द्वारा प्रतिदिन जारी की जाने वाली प्रेस विज्ञप्तियों, सफलता की कहानियों और विशेष आलेखों के बारे में भी जानकारी दी। विभागीय समीक्षा दौरान जिला कलक्टर मीणा ने विभागीय कार्यवाही से संतुष्टि जताई और सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार पर विशेष फोकस करने की बात कही।

# छह बर्षीय बालिका का सफल ऑपरेशन

**उदयपुर,** (कासं)। मधुर संगीत या फिर घंटी की आवाज, मां और पिता के प्यार से बोलने की आवाज कैसी लगती होगी। मूक-बधिर बच्चों के लिए शायद ये आवाज सुन पाना मुश्किल है,लेकिन ऐसे बच्चे के लिए कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी किसी चमत्कार से कम नहीं है। इस सर्जरी के वाद गूँगे एवं बहरे बच्चें न केवल सुनकर समझ रहे,बल्कि अपनी भावनाए भी अभिव्यक्त कर पा रहे है, और आज नए साल पर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में सुनने और बोलने में अक्षम 6 बर्षीय बालिका का कॉकलियर इम्प्लांट कर सफल ऑपरेशन किया गया।

पीएमसीएच के डीन डॉ.एम. एम. मंगल ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन में ईएनटी सर्जन डॉ.सत्यप्रकाश दूबे की देखरेख में डॉ.पी.सी.अजमेरा, डॉ. राजेन्द्र गोरवाड़, डॉ.एस.एस.कौशिक, डॉ.महेश वी.के., डॉ.कश्मीरा, निश्चेतना विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य एवं टीम का योगदान रहा।

दरअसल खमनोर तहसील के दडवल गॉव निवासी 6 बर्षीय उर्मिला जन्म से सुनने और बोलने में अक्षम थी। कई जगह दिखाया लेकिन इलाज महँगा होने एवं आर्थिक परिस्थिति के कारण उपचार कराने में असर्मथ थे। परिजनो ने पेसिफिक हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग के डॉ.पी,सी.अजमेरा के दिखाया तो कान से सम्बन्धित सभी जॉच करने के बाद पता चला की बच्ची के कोक्लेयर नर्व में दिक्कत है जिसके चलते वह सुन और बोल नहीं पा रही है। जिसका की कॉकलियर इम्प्लांट द्वारा ही उपचार सम्भव है।

कान.नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.एस.एस.कौशिक ने बताया कि यह इम्प्लांट 21 दिनों के अंतराल में अच्छी तरह से स्थापित हो जाता है। इम्प्लांट के स्थापित होने के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्धारा इस इम्प्लांट को स्वीच ऑन किया जाता है इस सबके बाद आगामी 6 माह तक इन बच्चों को स्पीच थैरेपी के माध्यम से प्रशिक्षण देकर इन्हें बोलने और सुनने मे सक्षम बनाया जाता है, साथ ही बच्चो के अभिभावकों को भी कांउसिंलिग के माध्यम से प्रशिक्षित करतें है। पीएमसीएच के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल ने बताया कि पीएमसीएच विगत बर्षो मे 70 से ज्यादा बच्चों को सुनने और बोलने में अक्षम बच्चों को कॉकलियर इम्प्लांट के माध्यम से सुनने की सौगात दी है।

गौरतलब है कि इस तकनीक के ऑपरेशन का 6 लाख से 12 लाख रुपये तक का खर्च आता हैं। लेकिन आशापुरा माता ट्रस्ट लोसिंग के संरक्षक मॉगीलाल लौहार, कन्हैयालाल लौहार, लक्ष्मीलाल लौहार के साथ साथ दिनेशचन्द्र लौहार,रामचन्द्र लौहार और मुकेश लौहार के आर्थिक सहयोग से यह कॉकलियर यूनिट प्रत्यारोपित की गई हैं जिससे उर्मिला जल्द ही सुन और बोल सकेगी।

कॉकलियर इम्प्लांट तकनीक में ऑपरेशन के दौरान कान के अंदर कोकलिया पार्ट पर सर्जरी की जाती हैं। सर्जरी में मस्तिष्क से इम्प्लांट जोडा जाता है इसका दूसरा भाग प्रोसेसर कान के पीछे फिट किया जाता है। इम्प्लांट के इलेक्टोड का सम्बन्ध कान के बाहर लगाये जाने वाले प्रोसेसर से होता है। दोनों चुम्बक से जुडे रहते है। प्रोसेसर से ध्वनि उर्जा इम्प्लांट में पहुंचती है यहां इलेक्टोड इस उर्जा को इलेक्टोनिक उर्जा में बदल कर इम्पल्स मस्तिष्क का भेजता है जिससे बच्चों में सुनने की क्षमता का विकास होता है साथ ही स्वीच थैरेपी के माध्यम से वे बोलने लगते हैं।

सार-समाचार

## शोभायात्रा एवं झांकी का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। नव वर्ष समाज उत्सव समिति द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा एवं धर्म सभा के अंतर्गत संस्कृतभारती द्वारा विशेष झांकी का आयोजन किया जिसमें पूरे शहर में चलायमान वाहन पर 1लाख11 हजार आहुतियों के माध्यम से वसुधैव कुटुंबकम की तर्ज पर सर्व समाज आमजन की प्रगति उन्नित व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए हवन का आयोजन किया गया जिसमें सेवसमज के आमजन ने आहुति देकर हिस्सा लिया।इस अवसर पर संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं ने जोर शोर से उत्साह से शोभायात्रा में हिस्सा लेकर भारतीय संस्कृति की परिचायक यज्ञ हवन कर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते हुए संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार किया व संस्कृत भारती द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों का परिचय पत्रक वितरित कर संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में सभी के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया तथा भाषा को व्यावहारिक आम बोलचाल की भाषा बनाने का आग्रह किया।इस अवसर पर संस्कृति की ओर से मुख्य रूप से डॉ भूपेंद्र शर्मा, सपना भाटी, कपिल गर्ग, सुदर्शन शर्मा द्वारा यज्ञ हवन का आयोजन किया गया साथ ही संस्कृतभारती से नरेंद्र शर्मा दुष्यंत नागदा डॉ हिमांशु भट्ट रेखा सिसोदिया मीनाक्षी आमेटा, मंगल कुमार जैन, निशा यादव, अनुषा कुमावत दिव्यम आमेटा पहल आमेटा, गौराक्ष शर्मा, डॉ यज्ञ आमेटा आदि उपस्थित रहे।

## हादसे में महिला की मौत, चार घायल

**उदयपुर,** (कासं)। अहमदाबाद उदयपुर हाइवे परसाद रोड़ पर कार डिवाईडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई तथा चार जने घायल हो गए। सभी परिवार जन मुम्बई से राजसमन्द जा रहे थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे अहमदाबाद उदयपुर हाइवे परसाद राष्ट्रीय राजमार्ग 48 बारा फला भागला रोड पर अनियंत्रित कार डिवाईडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कार में सवार कणुजा थाना मोडा राजसमन्द निवासी जमकुबाई (42) पत्नी किशनसिंह की मौत हो गई तथा गोपालसिंह, सोनीबाई प्यारीबाई, विजयसिंह निवासी राजमसन्द घायल होगए। जिन्हें एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से गोपाल को भर्ती किया तथा शेष को प्राथमि उपचार बाद छुट्टी दे दी । रिश्तेदार की मौत होने पर जमकु व परिजन मुम्बई से राजसमन्द जा रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## सरपंच व सचिव के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज से सरकारी जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले सरपंच व सचिव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रूचिका वस्तावत ने हाथीपोल पुलिस थाने में आरोपी मोहनलाल शर्मा पुत्र गंगाराम वर्मा, दिनेश पुत्र मोहनलाल, भंवरसिंह पुत्र गुलाबसिंह राजपूत तथा तत्कालीन सचिव विजय तथा सरपंच खेमणीबाई के खिलाफ हाथीपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि वर्ष 2014 में मेरे परिवार के लोगों के नाम पर पांच भूखण्ड खरीदने के लिए संपर्क किया तो आरोपियों ने हवाला क्षैत्र में पांच भूखण्ड बताए। प्रत्येक भूखण्ड के पांच लाख रूपये तय कर लिखा पडी कर 15 लाख का भुगतान किया। नियत समय पर रजिस्ट्री कराने पर शेष नकदी का भुगतान कर दिया।नामांतरण खुलवाने के लिए संपर्क किया तो पता चला कि उक्त जमीन सरकारी होने की जानकारी सामने आई।

## लाखों का माल हड़पा

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने ट्रांसपोट कंपनी मालिक व ट्रक चालक के खिलाफ लाखों का माल हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रामपुरा बवासरी खेडा भिवानी निवासी मंदिप पुत्र रोहताश शर्मा ने गुजरात गांधीधाम स्थित इण्डिया ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक भीखा भाई व ट्रक चालक रोहित के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 14 मार्च 2023 को गांधी धाम से पतंजली फूड लि. कंपनी के 1990 तेल के पीपे व कर्टन लौड करवा कर भटिण्डा पंजाब भेजने के लिए रवाना किए थे। निर्धारित समय तक भटिंडा नहीं पहुंचने पर मालिक व चालक से संपर्क किया तो मोबाईल बंद था। संपर्क नहीं होने पर जीपीएस सिस्टम से पडताल की तो उक्त माल कृषिमण्डी उदयपुर में खाली होने की जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई बसंतीलाल कर रहे है।

# रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल, मरीज हो रहे परेशान

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर संभाग के सबसे बड़े सरकारी महाराणा भूपाल हॉस्पिटल में रेजिडेंट डॉक्टर्स के सम्पूर्ण हड़ताल से दूसरे दिन भी मरीज परेशान होते रहे। सीनियर डॉक्टर्स और एमबीबीएस इंटर्न के जिम्मे वार्ड थे। ऐसे में कई वार्ड मरीजों से खाली हो गए।

हडताल के कारण हालत यह है की नाक-कान व गला वाड.108 में कुल 28 बेड हैं सभी बेड खाली थे। इस वार्ड में कोई डॉक्टर नहीं था। जबकि सामान्य दिनों 28 बेड में 15 से 18 में मरीज भर्ती रहते हैं।वहीं महिला सर्जिकल वाड.109 में 18 में से महज 7 बेड पर मरीज थे। बाकी नए मरीज भर्ती नहीं हुए। जिन वार्ड में मरीज थे उनमें से भी कई वार्ड में सीनियर डॉक्टर और ना ही मेडिकल इंटर्न दिखाई दिए।नर्सिंग स्टाफ के भरोसे पूरा वार्ड था। जबकि गंभीर भर्ती मरीजों के लिए डॉक्टर्स का वार्ड में मौजूद रहना जरूरी है।

## धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। निवेश के नाम पर पीडित से नकदी वसूल कर नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोनिका पत्नी रतनसिंह रावल निवासी धाउजी की बावडी ने आरोपी रामप्रसाद पुत्र मांगीलाल निवासी बडी सादडी हॉल सुन्दरवास प्रतापनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी के कहने पर निवेश के लिए उसे 1 अक्टूबर 2022 को 2 लाख रूपये का भुगतान किया।

## तीन दिवसीय मेवाड़ महोत्सव आज से

**उदयपुर,** (कासं)। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय मेवाड़ महोत्सव की धूम शुक्रवार से शुरू होगी। प्रशासन द्वारा इसके भव्य व रंगारंग आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि पीछोला झील के गणगौर घाट पर शुक्रवार शाम 4 बजे से यह महोत्सव आकर्षक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ होगा। इसके लिए समस्त संबंधित विभागों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कलक्टर मीणा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार शाम 4 से 6 बजे तक गणगौर शोभायात्रा का आयोजन होगा

वहीं शाम 6 से 7 बजे तक रॉयल गणगौर नाव शोभायात्रा और शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाजी का आकर्षण रहेगा। 25 मार्च को विदेशी जोड़ी पोशाक प्रतियोगिता और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन शाम 7 बजे से होगा। इसी प्रकार परंपरागत रूप से 24 से 26 मार्च तक गोगुंदा में ग्रामीण गणगौर मेला, सांस्कृतिक संध्या, ग्रामीण हाट बाजार व गणगौर शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F-1 (4)/SEIAA/SEAC-RAJ/Sectt/ Project/cat. B2 (22246)/2022-23 Jaipur, Dated 14/03/2023 के द्वारा मैसर्स लक्की ग्रेनाईट को निकट ग्राम जेमाखेड़ा, तहसील देवगढ़, जिला राजसमंद में स्थित खनन पट्टा एम एल नं. 80/2021 वास्ते खनिज ग्रेनाईट क्षेत्रफल 2.0140 हेक्टेयर के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति जनसाधारण के लिए उपलब्ध है।
एवं मण्डल की वेबसाइट
http://environmentclearance.nic.in
पर देखी जा सकती है।
मैसर्स लक्की ग्रेनाईट

# युवा पीढ़ी को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत : कलेक्टर

**उदयपुर,** (कासं)। राज्य सरकार के शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले भर में शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर सेवाश्रम स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा के समक्ष विविध कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ताराचंद मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व जिला

- **शहीद दिवस पर भगत सिंह को किया नमन**

उदयपुर में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

स्तरीय महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के प्रतिनिधियों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प-माला अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि युवा देश की तकदीर भी है और देश का भविष्य भी और आज की युवा पीढ़ी को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है ताकि वे राष्ट्रहित में कार्य करते हुए देश को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है तो हमारा दायित्व बनता है कि आजादी के बाद हिन्दुस्तान की साख विश्व पटल पर और सुदृढ़ हो, इसके लिए सभी मिलकर कार्य करें।

उन्होंने देश की एकता व अखण्डता के लिए प्रतिबद्ध रही पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी व देश में डिजीटल क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर युवा आयुष अरोड़ा ने पूरे जोश के साथ 'सब गुड्डे गुडिया खेलते थे, उसको आजादी प्यारी थी, उसके दिल में इंकलाब की दबी हुई चिंगारी थी' कविता का पाठ कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।


राजस्थान-सरकार

## कार्यालय सदस्य सचिव राज मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, छापली भीम ( राजसमंद )

क्रमांक/लेखा/निविदा/2023-24/153 दिनांक: 23.03.2023

**-: खुली निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्थान पर वितिय वर्ष की अवधि में दिये गये कार्य विषय हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र में संवेदकों, सेवा प्रदाता से निम्नानुसार मोहर बंद निविदायें आमंत्रित कि जाती है। निविदा के नियम एवं शर्ते इस्फेसिफिकेशन विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र संस्थान के रजिस्ट्रेशन रूम में किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9.00 से 2.00 के बीच प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को बिना कारन बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

| क्रम संख्या | कार्य विषय | अनुमानित राशि | अमानत राशि ( रू. ) | निविदा शुल्क ( रू ) | निविदा प्रपत्र बेचने की दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने कि अंतिम दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई व्यवस्था मय मानव संसाधन एवं सामग्री | 3,60,000 | 7200 | 300 | 24.03.2023 से 30.03.2023 10.00 am से 2.00 pm | 30.03.2023 10.00 से 2.00 pm | 31.03.2023 1.30 pm |
| 2. | आईएचएमस कंप्यूटर ऑपरेटर मशीन विद मेन | 1,32,000 | 2640 | 300 | 24.03.2023 से 30.03.2023 10.00 am से 2.00 pm | 30.03.2023 10.00 से 2.00 pm | 31.03.2023 1.30 pm |

मुख्य शर्ते :-

1. धरोहर राशि बेंकर्स का चेक डी डी द्वारा सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी सा स्वा केंद्र छापली के पक्ष में देय होगी।
2. निविदा निहित प्रारूप में प्रस्तुत कि जायेगी जिसे इस कार्यालय से नकद भुगतान कर प्राप्त कि जा सकती है।
3. कार्य कि विस्तृत जानकारी एवं शर्ते संस्थान पर ओपीडी समय में देखी जा सकती है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करनरे हेतु बाध्य नहीं है एवं पूर्ण निविदा को एवं निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।

सचिव
राज. मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
छापली( राजसमन्द )